## आवास और रोजगार में भेदभाव की पहचान करने में आपकी मदद करने वाले असली जिंदगी के परिदृश्य

**रॉबर्ट* एक सेवंथ-डे एडवेंटिस्ट है** और हर शनिवार सबाथ का पालन करता है। वह एक जॉब इंटरव्यू के लिए जाता है। इस इंटरव्यू के दौरान, रॉबर्ट बताता है कि उसे सबाथ का पालन करने के लिए हर शनिवार को छुट्टी चाहिए होगी। साक्षात्कारकर्ता रॉबर्ट को कहता है कि उसे हर सप्ताहांत छुट्टी देना अन्य कर्मचारियों के लिए अनुचित होगा, इसलिए रॉबर्ट को शनिवार को भी काम करने के लिए तैयार होना पड़ेगा अन्यथा वह यहाँ काम नहीं कर सकता है।

**जोसफ़* एक काफिर है**। उसे अपनी आस्था के अनुसार अपने अपार्टमेंट के सामने के दरवाजे को विभिन्न प्रकार के अलंकृतियों से पूरे साल सजाना पड़ता है। उसकी बिल्डिंग के सहकारी बोर्ड ने उसे सूचित किया कि उसे उन अलंकृतियों को हटा देना चाहिए अन्यथा उस उप-नियम, जो कहता है कि निवासियों को अपने अपार्टमेंट के दरवाजे के बाहर कोई आइटम नहीं लटकाना चाहिए, का उल्लंघन करने के कारण जुर्माना देने के लिए तैयार रहना चाहिए। जोसफ़ बोर्ड और परिसर प्रबंधक को बताता है कि अलंकरण उसकी धार्मिक प्रथा के हिस्से हैं लेकिन इससे उन पर कोई फ़र्क नहीं पड़ता है। दिसंबर में, जोसफ़ देखता है कि उसके फ़्लोर के अधिकतर अपार्टमेंट के सामने के दरवाजे पर क्रिसमस के सजावट किए गए थे। जोसफ़ बोर्ड से इस बारे में पूछता है तो वे जवाब देते हैं कि छुट्टी का मौसम एक अपवाद है।

**अलेक्सांड्रा* मुस्लिम है** और एक सुपरमार्केट में कैशियर के रूप में काम करती है। वह नियमित रूप से हिजाब पहनती है। एक दिन, एक ग्राहक उसके मुँह पर थूक देता है और उसे "आतंकवादी" कहता है। अलेक्सांड्रा स्तब्ध हो जाती है और घटना की रिपोर्ट अपने पर्यवेक्षक से करती है। उसका पर्यवेक्षक उससे कहता है कि ग्राहकों के उत्पीड़न से स्वयं को बचाने के लिए उसे इस्तीफ़ा दे देना चाहिए और कि शुक्रवार उसका अंतिम दिन होगा।

*नोट: इन मामलों में लिप्त लोगों की गोपनीयता सुरक्षित करने के लिए इन परिदृश्यों में प्रयुक्त नाम काल्पनिक हैं।

## धर्म-आधारित समुदाय और नया न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कानून

सारे न्यूयॉर्क वासी भेदभाव से मुक्त और सुरक्षित जीवन जीने के हकदार हैं, भले ही वे कोई भी हों, कहीं भी रहते हों, या उनकी आस्था कुछ भी हो। न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कानून न्यूयॉर्क वासियों को भेदभाव से बचाता है ताकि वे हमारे शहर में भेदभाव से मुक्त होकर जी सकें, काम कर सकें, और उन्नति कर सकें। कानून वास्तविक या कथित धर्म या पंथ के आधार पर रोजगार, आवास और सार्वजनिक आवास में भेदभाव का निषेध करता है। न्यूयॉर्क शहर में नियोक्ताओं, आवास प्रदाताओं, व्यवसाय मालिकों, सार्वजनिक आवास प्रदाताओं के लिए किसी व्यक्ति के साथ उनके धर्म के कारण अलग तरह से बर्ताव करना गैरकानूनी है। न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कमीशन शहर के मानवाधिकार कानून को लागू करता है, लोगों को कानून के बारे में शिक्षित करता है, न्यूयॉर्क वासियों के बीच सकारात्मक सामुदायिक संबंधों को प्रोत्साहित करता है।

यदि आपको लगता है कि आपके वास्तविक या कथित धर्म या पंथ के आधार पर आपके साथ भेदभाव किया गया है, तो **311** पर कॉल करें और "मानवाधिकार" के लिए कहें या कमीशन की जानकारी लाइन **718-722-3131** पर सीधे कॉल करें। न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कमीशन के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया **NYC.gov/HumanRights** पर जाएँ और **Twitter, Facebook, Instagram,** और **YouTube** पर **@NYCCHR** का अनुसरण करें।

NYC COMMISSION ON HUMAN RIGHTS

**BILL DE BLASIO**
मेयर

**CARMELYN P. MALALIS**
कमीशनर/अध्यक्ष

**NYC.gov/HumanRights**


**@NYCCHR**




# न्यूयॉर्क शहर में धर्म-आधारित समुदायों को सशक्त बनाना और समर्थित करना

धार्मिक भेदभाव से सुरक्षा




NYC COMMISSION ON HUMAN RIGHTS

BILL DE BLASIO
मेयर

CARMELYN P. MALALIS
कमीशनर/अध्यक्ष

# न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कानून द्वारा धर्म/पंथ के आधार पर भेदभाव से सुरक्षा के बारे में 10 बातें जो आपको मालूम होनी चाहिए

## 1.

न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कानून आवास, रोजगार, और सार्वजनिक आवास में धर्म आधारित भेदभाव को गैरकानूनी बनाते हुए लोगों को धर्म/पंथ के आधार पर होने वाले भेदभाव से सुरक्षित करता है।

## 2.

आवास प्रदाता आवास उपलब्धता के बारे में गलतबयानी करके या भेदभावपूर्ण विज्ञापन पोस्ट करके आपके धर्म/पंथ के आधार पर आपके आवास विकल्पों को अनुचित रूप से सीमित नहीं कर सकते हैं।

## 3.

मकान मालिक या प्रबंधन कंपनी आपके धर्म के कारण आपको लीज़ देने से इनकार नहीं कर सकती है, अधिक किराये की माँग नहीं कर सकती है, अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए नहीं कह सकती है, या अलग सेवाएँ प्रदान करने की पेशकश नहीं कर सकती है।

## 4.

नियोक्ता आपके धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, नियोक्ता आपको ग्राहकों से दूर रहने वाली भूमिकाएँ इसलिए नहीं दे सकते हैं कि आपके वास्तविक या कथित धर्म के कारण आपको कोई ख़ास पोशाक पहननी होती है या ग्राहक आपकी धार्मिक अभिव्यक्ति के कारण असहज महसूस करते हैं।

## 5.

शहर मानवाधिकार कानून के अंतर्गत भेदभावपूर्ण उत्पीड़न गैरकानूनी है, जिसका अर्थ है कि किसी का आपको आपके धर्म/पंथ के आधार पर धमकी भरे तरीके से या जबरदस्ती उत्पीड़ित करना गैरकानूनी है।

## 6.

आपको अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के आधार पर अपने नियोक्ता से यथोचित छूट का अनुरोध करने और उसे हासिल करने का अधिकार है। नियोक्ताओं को तब तक छूट प्रदान करनी चाहिए जब तक कि वे “अनुचित कठिनाई” का कारण न बनते हों।

## 7.

नियोक्ताओं को धार्मिक अवकाश या अनुष्ठान के लिए अपने कर्मचारियों को यथोचित छूट के रूप में वैतनिक या अवैतनिक छुट्टी प्रदान करनी पड़ सकती है।

## 8.

कर्मचारी कंपनी ड्रेस कोड के संदर्भ में भी यथोचित छूट का अनुरोध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कंपनी की नीति हैट या सिर के पहनावे को निषिद्ध करती है, तो कर्मचारी हिजाब, पगड़ी, या यारमुल्के पहनने के लिए छूट का अनुरोध कर सकते हैं।

## 9.

आपके पास भेदभाव से मुक्त होकर शहर और इसके सार्वजनिक स्थानों के शानदार मिश्रण का आनंद लेने का अधिकार है। स्टोर, रेस्तरां, और मूवी थियेटर आपके वास्तविक या कथित धर्म के कारण आपको रोक नहीं सकते हैं।

## 10.

किसी का आपके खिलाफ इसलिए बदले की कार्यवाही करना गैरकानूनी है कि आपने न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कमीशन में शिकायत दर्ज करवाई, किसी जाँच-पड़ताल में गवाही दी, अन्यथा धर्म/पंथ पर आधारित भेदभावपूर्ण प्रथा का विरोध किया।

यदि आपको लगता है कि आपके साथ भेदभाव हुआ है, तो **718-722-3131** पर न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कमीशन को कॉल करें।

यदि आप न्यूयॉर्क शहर मानवाधिकार कानून, नई कार्यशाला “इस्लाम की समझ” और “धार्मिक छूट” समेत, पर मुफ़्त कार्यशाला में भाग लेना चाहते हैं, तो **NYC.gov/HumanRights** पर जाएँ।

## आवास और रोजगार में भेदभाव की पहचान करने में आपकी मदद करने वाले असली जिंदगी के परिदृश्य

**रिबेका* यहूदी है** और सबाथ का पालन करती है। वह शुक्रवार के सूर्यास्त से लेकर शनिवार के सूर्यास्त तक बिजली या मशीन का उपयोग नहीं कर सकती है। रिबेका ने बिल्डिंग के डोरमेन को अकसर लिफ़्ट में निवासियों की सहायता करते देखा है जब वे पैकेज ढो रहे होते हैं और बटन तक नहीं पहुँच पाते हैं। रिबेका अपने मकान मालिक से संपर्क करती है, उसे अपनी धार्मिक प्रथाओं के बारे में बताती है और अनुरोध करती है कि डोरमेन को सबाथ के दौरान लिफ़्ट में उसकी सहायता करने के लिए कहे, यदि वे किसी दूसरे काम में न लगे हों। मकान मालिक कहता है, “आपका धर्म कहता है कि आप एक बटन भी नहीं दबा सकती हैं? फिर तो साप्ताहांत में घर में रहें।”

**जेम्स* नास्तिक है**। उसकी पर्यवेक्षक, जो कि बहुत धार्मिक है, कभी-कभी जेम्स से पूछती है कि वह चर्च जाता है या नहीं। यद्यपि जेम्स उन प्रश्नों से बचना या ध्यान हटाना चाहता है, उसकी पर्यवेक्षक ऐसे प्रश्न लगातार बढ़ती आवृत्ति के साथ पूछना जारी रखती है और जेम्स को अपने धार्मिक अनुष्ठानों में आमंत्रित भी करने लगती है। जेम्स नम्रतापूर्वक मना कर देता है और उसकी पर्यवेक्षक उसके सहमकर्मियों के मुकाबले कम वांछित कार्य देने लगती है।

**रैचेल* मुस्लिम है** और रमजान के दौरान सूर्यास्त के बाद तत्काल नमाज पढ़ती है। वह सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती है। उसकी नियमित शिफ़्ट 3pm–11pm होती है। रमजान के दौरान, रैशेल अपने पर्यवेक्षक से कहती है कि रमजान के दौरान उसे उसका नियमित 15-मिनट विराम शिफ़्ट के थोड़ा पहले या बाद लेने दे ताकि वह सूर्यास्त के समय हो जाए। उसका पर्यवेक्षक मना कर देता है और इस बारे में आगे कोई चर्चा नहीं करना चाहता है, यह कहते हुए कि उसके पास नियमित विरामों को समन्वित करने का समय नहीं है।

*नोट: इन मामलों में लिप्त लोगों की गोपनीयता सुरक्षित करने के लिए इन परिदृश्यों में प्रयुक्त नाम काल्पनिक हैं।